दिन–शुक्रवार दिनांक– 07/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. विधानमंडल के दोनों सदनों में आज महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया।

02. आय से अधिक संपत्ति मामले में नालंदा के जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास के ठिकानों पर हुई छापेमारी में लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य के जेवरात, नकद रूपये और निवेश के कई कागजात जब्त किये गये।

03. सुधा डेयरी के उत्पादों की अब विदेशों में भी होगी बिक्री। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से घी, गुलाब जामुन और मखाना की खेप अमेरिका और कनाडा के लिए रवाना किया।

04. और, किफायती स्वास्थ्य देखभाल और जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है।

---

विधानमंडल के दोनों सदनों में आज महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, भाकपा माले के सदस्य महबूब आलम और सत्यदेव राम सदन के बीच में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कई बार बैठने की अपील की, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इसपर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि महिला हिंसा से जुड़ा कोई मुद्दा जब भी उनके संज्ञान में आता है, तुरंत वे अपने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हैं।

–––बाइट––

इधर, विधान परिषद में भी आज महिलाओं पर हिंसा और महिलाओं की शिक्षा को लेकर राजद समेत सभी विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया। राजद की उर्मिला ठाकुर ने महिला शिक्षा की स्थिति पर सवाल उठाया। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद ने अपने शासनकाल में महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया और आज वे सवाल खड़े कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित रहने के कारण बिहार में प्रोन्नति की जगह कुछ मामलों में कार्यकारी प्रभार दिया जा रहा है। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कार्यकारी प्रभार देने के मामले अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के कर्मियों के साथ किसी प्रकार का भेद–भाव नहीं हो रहा है।

–––बाइट–––

---

होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की ओर से राज्य में में अबतक तेईस लाख लोगों में कैंसर की स्क्रीनिंग की गयी। इसमें चार हजार इक्कीस लोगों में कैंसर की पुष्टि हुई। विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। साथ ही कैंसर मरीजों के इलाज के लिए छह जिलों में डे–केयर कीमोथेरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

–––बाइट–––

---

नालंदा के जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास के ठिकानों पर हुई छापेमारी में लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य के जेवरात, नकद रूपये और निवेश के कई कागजात जब्त किये गये। स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज आरोपी पदाधिकारी के बिहारशरीफ स्थित आवास, कार्यालय और पटना स्थित आवास पर छापेमारी की। अनिल कुमार दास पर चौरानवे लाख रूपये से अधिक अवैध संपत्ति का मामला दर्ज है।

---

सुधा डेयरी के उत्पादों का विदेश में निर्यात शुरू हो गया है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से सुधा ब्रांड की घी, गुलाब जामुन और मखाना की तीन खेप को अमेरिका और कनाडा के लिए रवाना किया। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एन. विजयालक्ष्मी ने आकाशवाणी को बताया कि अड़तालीस लाख रूपये से अधिक मूल्य के सत्तावन क्विंटल घी और पांच क्विंटल मखाना अमेरिका, जबकि पचास क्विंटल गुलाब जामुन कनाडा भेजा गया है।

–––बाइट–––

———————————————————————————

पटना में आज से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन मेला, प्रदर्शनी सह कार्यशाला की शुरूआत हुयी। इसका उद्‌घाटन उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। श्री सिन्हा ने कहा कि यह मेला किसानों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों की जानकारी और उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर प्रदान करेगा।

———बाइट———

———————————————————————————

आज जन औषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने इस पहल का समर्थन करने के लिए पूरे देश में सप्ताह भर की गतिविधियाँ आयोजित की हैं।

———रिपोर्ट———

इस योजना के अंतर्गत बाजार की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। यह उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी गई दवाइयां प्रदान करती है। इस पहल के तहत शुरू की गई प्रमुख पहलों में से एक सुविधा सेनेटरी नैपकिन है। देश के सभी जिलों में अब 15 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र चालू है और इस योजना ने स्वरोजगार के लिए आशाजनक अवसर पैदा किया है। दीपेंद्र और भानु प्रताप सिंह के साथ अक्षत वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

———बाइट———

2027 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है जिससे और अधिक लोग सस्ती और अच्छी दवाओं का लाभ उठा सकें। हर साल सात मार्च को जन औषधि केंद्र के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी लगभग पांच हजार नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि नजदीकी जन औषधि केंद्र पर जाएं, दवाएं लें और उनकी गुणवत्ता और किफायती कीमतों को खुद अनुभव करें।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि यह पहल करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हुई है।

———बाइट———

डिपार्टमेंट ऑफ फॉर्मास्युटिकल के द्वारा जन औषधि, जन चेतना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विविध प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उसकी उपयोगिता और उसके लाभ के संबंध में आम जनमानस को जागरूक करने की ये कवायद की जा रही है।

जनऔषधि दिवस पर पटना समेत जिला मुख्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

---

मोतिहारी के गांधी मैदान में आज से तीनों सेनाओं की ओर से शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत हुयी। दो दिवसीय समारोह का उद्‌घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अपने शौर्य और पराक्रम के लिए जानी जाती है। श्री खां ने कहा कि तीनों सेनाओं की यह प्रदर्शनी उनके पराक्रम की मिसाल है।

———बाइट———

समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद और संसद की रक्षा मामलों के स्थाई समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को सेना से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

अपनी सेना को जानो अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के क्रियाकलापों की जानकारी देना और उनमें देशभक्ति की भावना जगाना है। शौर्य वेदनम उत्सव में सेना के विभिन्न हथियार और उपकरणों का प्रदर्शन किया गया है। यह देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के जीवन के बारे में जानने और उनसे जुड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में सेना के विभिन्न हथियारों और उपकरण आम लोगों के लिए प्रदर्शित किये गये हैं। साथ ही सुखोई लड़ाकू विमान, टी–90 टैंक, बोफोर्स तोप, फ्लाई–पास्ट, ड्रोन शो, डॉग शो, मार्शल आर्ट, मोटरसाइकिल के स्टंट, सशस्त्र बलों के नए शामिल किए गए रोबोटिक खच्चर जैसी रोमांचक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सेवानिवृत सैनिकों के लिए रोजगार शिविर का भी आयोजन किया गया है। **आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार की रिपोर्ट के साथ मैं धर्मेन्द्र कुमार राय।**

---

मौसम विभाग ने आठ और नौ मार्च को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानमंडल के दोनों सदनों में आज महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया।

02. आय से अधिक संपत्ति मामले में नालंदा के जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास के ठिकानों पर हुई छापेमारी में लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य के जेवरात, नकद रूपये और निवेश के कई कागजात जब्त किये गये।

03. सुधा डेयरी के उत्पादों की अब विदेशों में भी होगी बिक्री। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से घी, गुलाब जामुन और मखाना की खेप अमेरिका और कनाडा के लिए रवाना किया।

04. और, किफायती स्वास्थ्य देखभाल और जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।